निबंधित

पत्रांकः– 14/एम० 07–60/15...855
शिक्षा विभाग,
बिहार, पटना।

प्रेषक,

**एस०एम० करीम,**
निदेशक, उच्च शिक्षा।

सेवा में,

**कुलसचिव,**
राज्य के सभी विश्वविद्यालय
(कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय को छोड़कर)

पटना, दिनांक 29/05/2015

विषयः– प्रयोगशाला कर्मियों के वेतन की अनुमान्यता के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि प्रयोगशाला से संबंधित कर्मियों के वेतन अनुमान्य हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा के स्तर से त्रिसदस्यीय समिति का गठन किया गया है, जो प्रयोगशाला कर्मियों से संबंधित प्रमाणिक कागजातों/अभिलेखों की समीक्षा करेगी।

आपसे अनुरोध है कि इस पत्र के साथ संलग्न जांच–पत्रक में दिये गये स्तम्भों (कॉलम) के अनुसार प्रयोगशाला कर्मियों से संबंधित प्रमाणिक कागजातों/अभिलेखों की सत्यापित प्रति क्रमवार (कॉलम के संख्या के अनुसार अनुलग्नक की सूची बनाकर) तैयार करने की कृपा की जाय। यदि कोई अभिलेख अपठनीय हो तो उसकी टंकित प्रति भी वांछित है। अनुपयोगी कागजातों को संलग्न न करें (यथा–अहर्त्ता यदि बी०एस०सी० की हो तो सिर्फ बी०एस०सी० से संबंधित कागजात/प्रमाण पत्र दें, न कि एम०ए०, पी०एच०डी०, इन्टरमिडियट या मैट्रिक का)। साथ ही प्रयोगशाला कर्मी से संबंधित प्रमाण पत्र, जो इस पत्र के साथ संलग्न है, संबंधित प्राचार्य एवं कुलसचिव के द्वारा प्रमाणित की जानी है। बैठक की निर्धारित तिथि आपको शीघ्र सूचित की जायगी।

विश्वासभाजन
28/05/15
(एस०एम० करीम)
निदेशक, उच्च शिक्षा

# प्रयोगशाला कर्मी के वेतन की अनुमान्यता हेतु जांच पत्रक

विश्वविद्यालय का नामः–

| क्र०सं० | प्रयोगशाला कर्मी का नाम | प्रथम नियुक्ति से संबंधित धारित पद | प्रयोगशाला कर्मी से संबंधित विषय/विभाग | प्रथम नियुक्ति के समय धारित योग्यता | प्रथम नियुक्ति से संबंधित पद के पद सृजन से संबंधित आदेश की प्रति/नियुक्ति हेतु शासी निकाय द्वारा अनुमोदन की प्रति | प्रथम नियुक्ति के समय का विज्ञापन | नियुक्ति तिथि/योगदान की तिथि | नियुक्ति में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10 (6) के अधीन विश्वविद्यालय द्वारा किये गये अनुमोदन से संबंधित आदेश की प्रति | पदनामित प्रयोग प्रदर्शक (Re-designated Demonstrator) किये जाने में राज्य सरकार की स्वीकृति के आधार पर चयन समिति की सहमति से संबंधित साक्ष्य | व्यक्तिगत फोल्डर एवं संबंधित साक्ष्य | विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | | | | | |
| 7 | | | | | | | | | | | | |

कुलसचिव
(हस्ताक्षर मुहर सहित)

# प्रयोगशाला कर्मी से संबंधित प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती ........................................................................................ पिता श्री ........................................................................ के प्रथम नियुक्ति .......................... पद .................................... (विषय/विभाग) में हुई है तथा प्रथम नियुक्ति के समय इनकी योग्यता ........................... (बी०एस०सी०/बी०ए०/बी०कॉम/अन्य) है एवं ये विधिवत रूप से सृजित पद के विरूद्ध नियमित रूप से नियुक्त एवं निरंतर रूप से कार्यरत है। साथ ही इनकी नियुक्ति स्वीकृत पद पर हुई है, जिसका राज्य सरकार द्वारा पद सृजन संबंधी स्वीकृत्यादेश संख्या–..................................................... दिनांक ........................... है। इनकी नियुक्ति के समय राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित किया गया/नहीं किया गया एवं नियुक्ति में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 10 (6) के अधीन विश्वविद्यालय के पत्रांक .............................. दिनांक ......................... द्वारा अनुमोदित है।

(नोटः:– जो लागू नही हो उसे काट दें)

(प्राचार्य)
हस्ताक्षर मुहर सहित

(कुलसचिव)
हस्ताक्षर मुहर सहित